प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.02.2026/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे

पुलिस

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार आगामी दो महीनों में आठ सौ पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती करेगी। मुख्यमंत्री आज कांगड़ा के पुलिस कॉलेज डरोह में रोजगार संकल्प मेले के दौरान नवनियुक्त एक हजार दो सौ 53 कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल पुलिस देश की सबसे आधुनिक, सबसे तेज और सबसे भरोसेमंद पुलिस फोर्स में शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पुलिस कांस्टेबलों की यूनिफॉर्म ग्रांट बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है।

दवाईयां

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण दवाईयां उपलब्ध करवाने के लिए नई आवश्यक औषधि सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने शिमला में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि नई दवा सूची की समीक्षा एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा की जाएगी और दवाईयों की खरीद सीधे निर्माता कम्पनियों से की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को उपलब्ध करवाई जाने वाली दवाईयों की सैंपलिंग और गुणवत्ता जांच की व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि मरीजों के स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

पांगी घाटी बी.एस.एन.एल.

चंबा जिला की पांगी घाटी की शौर पंचायत में एक सप्ताह से बी.एस.एन.एल. की टू–जी और फोर–जी मोबाईल सेवाएं बंद हैं। इस कारण पंचायत के लोगों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत के उपप्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने आकाशवाणी को बताया कि मोबाईल फोन सेवा बंद हो जाने से शौर पंचायत का संपर्क देश व प्रदेश और पांगी घाटी से कट गया है। उन्होंने बी.एस.एन.एल. प्रबंधं और पांगी घाटी प्रशासन से मांग की है कि शौर पंचायत में मोबाईल फोन सेवा तुरन्त बहाल की जाए ताकि लोगों को सुविधा हो।

भाजपा

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आरडीजी पर घड़ियाली आंसू बहाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। संदीपनी भारद्वाज ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश सरकार ने केंद्र से आए फंड का दुरूपयोग किया है और विकास के पैसे वेतन–भत्तों और अपने मित्रों के ऐशो–आराम पर खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की खस्ता वित्तीय हालत की असली वजह कांग्रेस सरकार की नीतियां हैं।

संदीपनी भारद्वाज ने प्रदेश सरकार द्वारा पंचायत चुनाव टालने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल करने का भी विरोध किया और इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया।

## सामाजिक सुरक्षा पैंशन

सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग ने राज्य में उन सभी सामाजिक सुरक्षा पैंशन धारकों की पैंशन अस्थायी तौर पर बंद कर दी है जिन्होंने निर्धारित अवधि में अपना ई–केवाईसी सत्यापन नहीं करवाया है। विभाग के एक प्रवक्ता ने ऐसे सभी लाभार्थियों से अपील की है कि वे 15 फरवरी तक सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना ई–केवाईसी सत्यापन करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस अंतिम अवसर के बाद भी सत्यापन नहीं करवाने वाले लाभार्थियों की सामाजिक सुरक्षा पैंशन स्थायी तौर पर बंद कर दी जाएगी।

## विभागीय परीक्षा

हिमाचल प्रदेश विभागीय परीक्षा बोर्ड 28 अप्रैल से 6 मई तक विभागीय परीक्षा का आयोजन करेगा। बोर्ड के सचिव दिनेश कुमार शर्मा ने आज शिमला में कहा कि ये परीक्षा भारतीय प्रशासनिक सेवा, हिमाचल प्रशासनिक सेवा, आईएफएस, एचएफएस, समस्त राजपत्रित अधिकारी और अभियंताओं के लिए आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए 11 फरवरी से 13 मार्च तक आवेदन किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्षों को प्राथीके आवेदन 20 मार्च तक अनुमोदित करना अनिवार्य है।

## धर्माणी

तमनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए 2 सौ करोड़ रूपए खर्च होंगे। इसके लिए पांच नये विद्युत सब स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। धर्माणी आज ग्राम पंचायत बम्म के कोटलू में विद्युत सब स्टेशन के भूमि पूजन के मौके पर एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिला का पहला एक सौ 32 केवी सब स्टेशन घुमारवीं के करयालग में शीघ्र स्थापित किया जाएगा। इससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति और सुदृढ़ होगी। धर्माणी ने ये भी कहा कि सरकार चरणबद्ध ढंग से विद्युत क्षेत्र में बड़े सुधार ला रही है।

---